>

Title: Need to give compensation whose land has been acquired by BSF for International Border Fencing.

ािाौधरी लाल सिंह (उधमपुर): स्पीकर साहब, मैं आपकी परमिशन से अपनी रियासत जम्मू-कश्मीर का एक अहम् सवाल उठाना चाहता हूं। हमारे राज्य में इंटरनेशनल बॉर्डर है, जिसमें हमारी करीब 988 एकड़ जमीन आती है। उसमें 80 से ज्यादा गांव आते हैं, जिनकी 38 कैनाल जमीन इंटरनेशनल बॉर्डर की फैंसिंग में आ गई है। हमने सरकार से मांग की है कि वह जमीन वापस की जाए और किसानों को उस फसल उत्पादन करने की अनुमति दी जाए। उन्होंने गेट लगाए हैं जिसके कारण बहुत तरह की ऑब्सटेकल्स, बहुत तरह की रुकावटें हो गयी हैं और किसान वहां जा नहीं सकता है। इस तरह से वहां जाने में बहुत मुश्किल बनी हुई है। हमारी सरकार से इस बारे में रिक्वैस्ट है और साथ ही यह भी कहना है कि वहां पर बिना कंपनसेशन दिये माउंट और ट्रैक बना देते हैं और जो जमीन इसके अंतर्गत बीएसएफ के पास आई हुई है, वह बहुत सारी जमीन है, जिसका अभी तक मुआवजा नहीं दिया गया है। मैं आपके माध्यम से सरकार से यह कहना चाहूंगा कि इसका कंपनसेशन दिया जाए और वह जमीन बाहर निकाली जाए।

श्री मदन लाल शर्मा (जम्मू) : सर, मैं चौधरी लाल सिंह जी के साथ अपने को सम्बद्ध करता हूं।

अध्यक्ष महोदय : मदन लाल जी ने अपने को लाल सिंह जी के साथ एसोसिएट किया है।